# BPSC (PT) 47 (2005)

1. कनिष्क के शाससनकाल में बौद्ध सभा किस नगर में आयोजित की गई थी?
   (a) मगध (b) पाटलिपुत्र
   (c) कश्मीर (d) राजगृह
2. मेगास्थनीज की पुस्तक का नाम क्या है?
   (a) अर्थशास्त्र (b) ऋग्वेद
   (c) पुराण (d) इण्डिका
3. 'हर्षचरितम्' नामक पुस्तक किसने लिखी?
   (a) कालिदास (b) बाणभट्ट
   (c) विष्णुगुप्त (d) परिमलगुप्त
4. 'मद्राराक्षस' नामक पुस्तक का लेखक कौन था?
   (a) विशाखदत्त (b) कौटिल्य
   (c) बाणभट्ट (d) कल्हण
5. महावीर स्वामी का जन्म कहाँ हुआ था?
   (a) कुण्डग्राम में (b) पाटलिपुत्र में
   (c) मगध में (d) कपिलवस्तु में
6. महात्मा बुद्ध का 'महापरिनिर्वाण' कहाँ हुआ था?
   (a) लुम्बिनी में (b) बोधगया में
   (c) कुशीनगर में (d) कपिलवस्तु में
7. महात्मा बुद्ध ने अपना प्रथम 'धर्मचक्रप्रवर्त्तन' किस स्थान पर दिया था?
   (a) लुम्बिनी में (b) सारनाथ में
   (c) पाटलिपुत्र में (d) वैशाली में
8. मगध की प्रथम राजधानी कौन-सी थी?
   (a) पाटलिपुत्र
   (b) वैशाली
   (c) राजगृह (गिरिव्रज)
   (d) चम्पा
9. नन्द वंश के पश्चात् मगध पर किस राजवंश ने शासन किया?
   (a) मौर्य (b) शुंग
   (c) गुप्त (d) चम्पा
10. मौर्यकाल में शिक्षा का सर्वाधिक प्रसिद्ध केन्द्र था-
   (a) वैशाली (b) नालन्दा
   (c) तक्षशिला (d) उज्जैन
11. सभी भक्ति सन्तों के मध्य एक समान विशेषता थी कि, उन्होंने-
   (a) अपनी वाणी को उसी भाषा में लिखे, जिसे उनके भक्त समझते थे।
   (b) पुरोहित वर्ग की सत्ता को नकारा
   (c) स्त्रियों को मन्दिर जाने को प्रोत्साहित किया
   (d) मूर्ति पूजा (Idol worship) को प्रोत्साहित किया
12. मुगल प्रशासन में 'मुहतसिब' था-
   (a) सेना अधिकारी
   (b) विदेश विभाग का मुख्य
   (c) लोक आचरण अधिकारी
   (d) पत्र-व्यवहार विभाग के अधिकारी
13. अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय देवगिरि का शासक कौन था?
   (a) रामचन्द्र देव (b) प्रताप रूद्रदेव
   (c) मलिक काफूर (d) राणा रतन सिंह
14. गुलाम वंश का प्रथम शासक कौन था?
   (a) इल्तुतमिश (b) कुतुबुद्दीन ऐबक
   (c) रजिया (d) बलबन
15. राजा राममोहन राय द्वारा ब्रह्म समाज की स्थापना की गई-
   (a) 1816 ई. में (b) 1820 ई. में
   (c) 1828 ई. में (d) 1830 ई. में
16. 'सत्यार्थ प्रकाश' की रचना की गई थी-
   (a) राजा राममोहन राय द्वारा
   (b) महात्मा गांधी द्वारा
   (c) स्वामी विवेकानन्द द्वारा
   (d) स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा
17. 'अनुशीलन समिति' थी-
   (a) नारी उत्थान के प्रति समर्पित
   (b) विधवा विवाह को प्रोत्साहित करने वाली
   (c) मजदूरों के कल्याण में रूचि रखने वाली
   (d) एक क्रांतिकारी संगठन
18. 'सुरक्षा प्रकोष्ठ' (Ring fence) की नीति संबंधित है-
   (a) वारेन हेस्टिंग्स से (b) लॉर्ड डलहौजी से
   (c) हेनरी लॉरेन्स से (d) लॉर्ड हेस्टंग्स से
19. 'ऑल इण्डिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस' का प्रथम अध्यक्ष कौन था?
   (a) वी.वी. गिरी (b) एस.ए.डांगे
   (c) पं. जवाहरलाल नेहरू (d) लाला लाजपत राय
20. भारत छोड़ो आंदोलन के समय इंग्लैण्ड का प्रधानमंत्री था-
   (a) चैम्बलेन (b) चर्चिल
   (c) क्लिमेण्ट एटली (d) मैकडोनाल्ड

Drishti IAS

21. देवबन्द के उस विद्वान का नाम बताइये जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई?
(a) अबुल कलाम आजाद
(b) मोहम्मद अली जिन्ना
(c) बररूद्दीन तैयबजी
(d) चिराग अली

22. अंग्रेज़ी भारतीय सेना में चर्बी वाले कारतूसों से चलने वाली एनफील्ड राइफल कब शामिल की गई?
(a) नवम्बर, 1856 (b) दिसम्बर, 1856
(c) जनवरी, 1857 (d) फरवरी, 1857

23. बम्बई में 'अखिल भारतीय व्यापार संघ कांग्रेस' की स्थापना हुई-
(a) 1920 ई. में (b) 1925 ई. में
(c) 1929 ई. में (d) 1935 ई. में

24. 'अमृत बाजार पत्रिका' की स्थापना किसने की?
(a) गिरिश चन्द्र घोष
(b) हरिशचन्द्र मुखर्जी
(c) एस.एन. बनर्जी
(d) शिशिर कुमार घोष

25. किसने कहा था "कांग्रेस आंदोलन न तो लोगों द्वारा प्रेरित था, न ही यह उनके द्वारा सोचा या योजनाबद्ध किया गया था"?
(a) लॉर्ड डफरिन
(b) सर सैय्यद अहमद खाँ
(c) लॉर्ड कर्जन
(d) लाला राजपत राय

26. गांधी-इरविन समझौते के हस्ताक्षरित होने में किसने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई?
(a) मोतीलाल नेहरू
(b) मदनमोहन मालवीय
(c) तेज बहादुर सप्रु
(d) चिन्तामणि

27. 'निष्क्रिय विरोध (Passive resistance) के सिद्धांत' का प्रतिपादन किसने किया?
(a) महात्मा गांधी
(b) बिपिनचन्द्र पाल
(c) बाल गंगाधर तिलक
(d) अरविन्द घोष

28. निम्नलिखित अखबारों में से कौन-सा मुख्यतया उदारवादियों की गतिविधियों का प्रचारक था?
(a) न्यू इण्डिया (b) लीडर
(c) यंग इण्डिया (d) फ्री प्रेस जनरल

29. वह कौन-सा कांग्रेस अध्यक्ष था जिसने क्रिप्स मिशन व लार्ड वेवेल दोनों से वार्त्ताएँ की?
(a) अबुल कलाम आजाद
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) जे.बी. कृपलानी
(d) सी. राजगोपालाचारी

30. साम्प्रदायिक (communal) अवार्ड एवं पूना पैक्ट में क्रमशः दलित वर्ग के लिये कितनी सीटें दी गई?
(a) क्रमशः 74 व 79
(b) क्रमशः 71 व 148
(c) क्रमशः 78 व 80
(d) क्रमशः 78 व 69

31. निम्नलिखित उद्योगपतियों में कौन-से व्यक्ति लम्बे समय तक ए.आई.सी.सी. के खजांची रहे तथा 1930 ई. में जेल भी गए?
(a) जी.डी. बिरला
(b) जमनालाल बजाज
(c) जे.आर.डी. टाटा
(d) बालचन्द हीराचन्द

32. 'अखिल भारतीय किसान सभा' के प्रथम सत्र की अध्यक्षता किसने की थी?
(a) स्वामी सहजानन्द (b) इन्दुलाल याज्ञिक
(c) एन.एन. रंगा (d) पी.सी. जोशी

33. 1947 ई. के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दिल्ली अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की?
(a) जे.बी. कृपलानी (b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(c) अबुल कलाम आजाद (d) जवाहरलाल नेहरू

34. 64,000 कि.मी. लम्बाई एवं 2,000 किमी. से 2400 किमी. चौड़ाई वाला एक कटक उत्तरी एवं दक्षिणी अटलांटिक महासागरीय द्रोणियों के मध्य से गुजरता हुआ हिन्द महासागरीय द्रोणी और फिर आस्ट्रेलिया तथा अंटार्कटिका के बीच से दक्षिण प्रशांत महासागरीय द्रोणी में प्रवेश करता है। यह कटक (Ridge) है-
(a) सोकोत्रा-लक्षद्वीप चैगोस कटक
(b) प्रशान्त-अंटार्कटिका कटक
(c) डॉल्फिन-चैलेंजर कटक
(d) मध्य महासागरीय कटक

35. इजराइल की उभयनिष्ठ सीमाएँ (Common Boarders) है-
(a) लेबनॉन, सीरिया, जॉर्डन तथा मिस्त्र के साथ
(b) लेबनॉन, सीरिया, टर्की तथा जॉर्डन के साथ
(c) लेबनॉन, टर्की, जॉर्डन तथा मिस्त्र के साथ
(d) लेबनॉन, सीरिया, इराक तथा मिस्त्र के साथ


Drishti IAS

36. **सूची-I** (रेलमार्गों) को **सूची-II** (जोड़नेवाली स्थानों) से संबंधित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूटों का प्रयोग कर ये सही उत्तर चुनिये-

**सूची-I (रेलमार्ग)**

A. यूरोपीय ट्रांस-कान्टीनेन्टल रेलमार्ग

B. ट्रांस-इण्डियन रेलमार्ग

C. ट्रांस-साइबेरियन रेलमार्ग

D. ओरिएण्ट एक्सप्रेस

**सूची- II (जोड़नेवाले स्थान)**

1. पेरिस से इस्ताम्बूल
2. लेनिनग्राद से ब्लाडिवॉस्तक
3. ब्यूनस आयर्स से वालपराइजो
4. पेरिस से वारसा

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

37. वर्ष 2004 के हिन्द महासागरीय भूकम्प तथा उससे परिणामित सुनामी के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) सुण्डा खाई में भारतीय प्लेट के बर्मी प्लेट से अध:गमन वाले क्षेत्र में लगभग 1,200 कि.मी. भ्रंश रेखा (Fault line) का 15 मीटर तक खिसकाव होने के कारण इस भूकम्प की उत्पत्ति हुई।

(b) परिणामी सुनामी ने इंडोनेशिया के तट से अफ्रीका के पूर्वी तट तक अधिकेन्द्र से लगभग 8,500 कि.मी. की दूरी तक तटों पर घोर विध्वंस किया।

(c) वर्तमान अनुमानों के अनुसार कम्पजनित (Quakegenerated) सुनामी ने समुद्र में डूब गई अनगिनत लाशों के अतिरिक्त 50 लाख से अधिक लोगों को मौत के घाट उतारा।

(d) बांग्लोदश में बहुत कम लोग हताहत हुए, क्योंकि भूकम्प प्रभावित भ्रंश रेखा की दिक् स्थिति लगभग उत्तर-दक्षिण होने से सुनामी-लहरों की प्रबलतम शक्ति उत्तर-पश्चिम दिशा में थी।

38. भारत में भू-आकारों की रचना के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर मनन कीजिये-

1. संरचनात्मक दृष्टि से मेघालय पठार दक्कन पठार (Deccan Plateau) का ही विस्तारित भाग है।
2. कश्मीर घाटी की रचना एक समअभिनति (Synclinorium) से हुई है।
3. गंगा मैदान की रचना एक अग्र गर्त (Fore deep) में हुई।
4. हिमालय की उत्पत्ति भारतीय प्लेट, यूरोपीय प्लेट तथा चीनी प्लेट के त्रिकोणीय अभिसरण के फलस्वरूप हुई।

इन कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) 1, 2 तथा 3 (b) 1, 3 तथा 4

(c) 1 तथा 3 (d) 2 तथा 4

39. भारत में कतिपय लौह-इस्पात संयंत्र पश्चिमी तट से होकर आयोजित किये गए हैं। इस उद्योग के ऐसे अवस्थितीय स्थित्यान्तरण (Locational Shift) का प्रमुख कारण क्या है?

(a) पश्चिमी तटीय क्षेत्र में अधिकाधिक नाभिकीय ऊर्जा जनन

(b) गोवा एवं मध्य प्रदेश के कुछ भागों में उत्तम श्रेणी के लौह अयस्क निक्षेपों का मिलना तथा इस क्षेत्र से इस्पात निर्यात की तुलनात्मक सुविधा

(c) पश्चिमी तटीय क्षेत्र से भारतीय लौह अयस्क की अन्तर्राष्ट्रीय मांग की कमी।

(d) स्पंज लौह तकनीक का अपनाया जाना

40. **सूची-I** (प्राकृतिक आपदाओं) को **सूची-II** (प्रदेशों) से सहसंबंधित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

**सूची-I (प्रकृतिक आपदाएँ)**

A. बाढ़

B. भूकम्प

C. सूखा

D. चक्रवात

**सूची- II (प्रदेश)**

1. हिमालय का गिरिपाद (Foothill) क्षेत्र
2. झारखण्ड तथा उत्तरी उड़ीसा
3. उत्तर प्रदेश तथा बिहार के मैदान
4. मध्य-पूर्वी भारत

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

41. भारत में सबसे अधिक कॉफी उत्पन्न करने वाला राज्य है-

(a) महाराष्ट्र (b) कर्नाटक

(c) तमिलनाडु (d) केरल

42. वर्ष 2001 की जनगणना की रिपोर्ट के अनुसार किस राज्य में साक्षरता की दर सबसे कम है?
(a) अरुणाचल प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) बिहार (d) हरियाणा

43. भारत का कौन-सा राज्य सर्वाधिक अभ्रक उत्पादन करता है?
(a) मध्य प्रदेश (b) बिहार
(c) उड़ीसा (d) जम्मू-कश्मीर

44. भारत में प्रधानमंत्री मुख्य हैं-
(a) राज्य सरकार के
(b) केन्द्रीय सरकार के
(c) राज्य तथा केन्द्रीय सरकार दोनों के
(d) इनमें से कोई नहीं

45. गोवा मंत्रिमण्डल बर्खास्त किया गया-
(a) राज्यपाल द्वारा (b) मुख्यमंत्री द्वारा
(c) भारत के राष्ट्रपति (d) इनमें से कोई नहीं

46. निम्नलिखित में से किसको संविधान द्वारा मौलिक अधिकारों को लागू करने की शक्ति दी गई है?
(a) भारत के सभी न्यायालयों को
(b) संसद को
(c) राष्ट्रपति को
(d) सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों को

47. भारत का राष्ट्रपति किसके द्वारा हटाया जा सकता है?
(a) लोकसभा द्वारा (b) संसद द्वारा
(c) मुख्य न्यायाधीश द्वारा (d) प्रधानमंत्री द्वारा

48. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय समवर्ती सूची (Concurrent list) में है?
(a) कृषि (b) शिक्षा
(c) पुलिस (d) रक्षा

49. जिस समिति की सिफारिश पर भारत में पंचायती राज की स्थापना की गई उसका अध्यक्ष कौन था?
(a) अशोक मेहता (b) डॉ. इकबाल नारायण
(c) बलवंत राय मेहता (d) जीवराज मेहता

50. लोक सभा में राज्यवार सीटों का आवंटन 1971 की जनगणना पर आधारित है। यह निर्धारण किस वर्ष तक यथावत रहेगा?
(a) 2031 ई. (b) 2026 ई.
(c) 2021 ई. (d) 2011 ई.

51. भारत में पंचायती राज व्यवस्था सर्वप्रथम राजस्थान और. ...... में आरंभ की गई थी।
(a) हरियाणा (b) गुजरात
(c) उत्तर प्रदेश (d) आन्ध्र प्रदेश

52. राज्य सभा में राष्ट्रपति द्वारा कितने सदस्य मनोनीत किये जाते हैं?
(a) 2 (b) 10
(c) 12 (d) 15

53. पंचायती राज का चुनाव कराने हेतु निर्णय किसके द्वारा लिया जाता है?
(a) केन्द्र सरकार (b) राज्य सरकार
(c) जिला न्यायाधीश (d) चुनाव आयोग

54. भारत के संवधिान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद प्रेस की स्वतंत्रता से संबंधित है?
(a) अनुच्छेद 19 (b) अनुच्छेद 20
(c) अनुच्छेद 21 (d) अनुच्छेद 22

55. निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन अधिनियम को लघु संविधान (Mini Constitution) कहा गया है?
(a) 42वाँ (b) 44वाँ
(c) 46वाँ (d) 50वाँ

56. जम्मू एवं कश्मीर के राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है?
(a) जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री
(b) जम्मू एवं कश्मीर उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(c) भारत का प्रधानमंत्री
(d) भारत का राष्ट्रपति

57. चुने हुए देशों की अर्थव्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से सही नहीं हैं?
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व की 50% से अधिक मक्का पैदा करता है, किन्तु निर्यात का मात्र 3% ही करता है।
(b) कोई भी देश आस्ट्रेलिया से अधिक ऊन का उत्पादन एवं निर्यात नहीं करता।
(c) दुग्ध उत्पादन में भारत का विश्व में अग्रणी स्थान है।
(d) भेड़ संख्या विश्व की 4% होते हुए भी न्यूजीलैण्ड विश्व के निर्यात का दो-तिहाई भेड़-मांस तथा 1/6 भाग ऊन का निर्यात करता है।

58. निम्नलिखित कथनों पर मनन कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-
**कथन (A) :** गत सदी के अस्सी के दशकान्त तक भारतीय उद्योगों ने उपभोक्ता वस्तु उद्योंगों से मूलभूत व पूंजीगत वस्तु उद्योगों की ओर संरचनात्मक स्थित्यान्तरण (structural shift) की स्पष्ट प्रवृति को परिलक्षित किया।
कारण (R) : इस अवधि के दौरान उपभोक्त वस्तुओं की मांग में कमी आई।

कूट:

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण करता है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सही है किन्तु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है किन्तु (R) सही है।

59. भारत में द्वितीय हरित क्रान्ति के संबंध में क्या सही है?

1. इसका लक्ष्य हरित क्रान्ति से पूर्व में ही लाभान्वित हो चुके क्षेत्रों में गेहूँ एवं चावल के उत्पादन में और वृद्धि करना है।
2. इसका लक्ष्य हरित क्रान्ति से अब तक लाभान्वित न हो सकने वाले क्षेत्रों में बीज-पानी उर्वरक तकनीक का विस्तार करना है।
3. इसका लक्ष्य हरित क्रान्ति के प्रारंभ में प्रयुक्त हो चुकी फसलों को छोड़कर अन्य फसलों के उत्पादन में वृद्धि करना है।
4. इसका लक्ष्य पशुपालन, सामाजिक वानिकी तथा मत्स्यपालन के साथ शस्योत्पादन का समाकलन करना है।

नीचे दिये गए कूटों में से सही उत्तर चुनिये-

(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 3

(c) 2 तथा 4 (d) 1 तथा 4

60. भारत में ऊर्जा एवं उपभोग के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) गत दशक में भारत में ऊर्जा उत्पादन में ह्रासमान प्रवृति (Declining trend) लक्षित हुई है।

(b) विश्व में प्रति व्यक्ति ऊर्जा उपभोग भारत में न्यूनतम है।

(c) भारत में उत्पारित कुल व्यावसायिक ऊर्जा में गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों का योगदान 1% से कम है।

(d) भारत में ऊर्जा का उपभोग करने वाला प्रमुख क्षेत्र उद्योग है।

61. भारत की जनसंख्या विशेषताओं के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. 1991–2001 दशक में जनसंख्या की वृद्धि लगभग 21 प्रतिशत की दर से हुई।
2. वर्ष 1991 की अपेक्षा 2001 में पुरुष व महिला साक्षरता का अन्तर बढ़ गया ।
3. 2001 की जनगणना ने अनुसार देश में 35 ऐसे बड़े नगर हैं, जिनमें कुल नगरीय जनसंख्या की लगभग 48 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है।

नीचे दिये गए कूटों में से सही उत्तर चुनिये-

(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 3

(c) 1 तथा 4 (d) 2, 3 तथा 4

62. भारत के अद्यतन निर्यात-आयात व्यापार के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर ध्यान दीजिये-

1. भारत के निर्यात कपड़ा क्षेत्र का 21% तथा रत्न एवं आभूषण का 17% योगदान है।
2. पश्चिमी यूरोप और उत्तरी अमरीका संयुक्त रूप से भारत के निर्यात में 53% तथा उसके आयात में 40% हिस्सा रखते हैं।
3. लैटिन अमेरिकी, उप-सहारीय अफ्रीकी तथा मध्य-पूर्व के देश भारतीय निर्यात व्यापार के लिये सर्वाधिक संभाव्य बाजार प्रस्तुत करते हैं।
4. विश्व निर्यात में भारत की भागीदारी 2% से कुछ अधिक है।

नीचे दिये गए कूटों में से सही उत्तर चुनिये-

(a) 1 तथा 2 (b) 2, 3 तथा 4

(c) 3 तथा 4 (d) 1, 2 तथा 3

63. भारत में चालू मूल्यों पर प्रति व्यक्ति न्यूनतम आय वाला राज्य कौन-सा है?

(a) बिहार (b) उड़ीसा

(c) राजस्थान (d) गुजरात

64. निम्नलिखित प्रत्यक्ष करों में से किस कर से सरकार को अधिकतम राजस्व की प्राप्ति होती है?

(a) निगम कर (Corporate Tax)

(b) आय कर (Income Tax)

(c) सम्पत्ति कर (Wealth Tax)

(d) दान कर (Gift Tax)

65. भारत में जनसंख्या वृद्धि के इतिहास में कौन-सा वर्ष 'महाविभाजन का वर्ष' (Great division year) कहलाता है?

(a) 1951 ई.

(b) 1991ई.

(c) 2001 ई.

(d) 1921 ई.

66. निम्नलिखित में से कौन-सा एक राजकोषीय नीति (Fiscal Policy) का उपकरण नहीं है?

(a) करारोपण (Taxation)

(b) सार्वजनिक व्यय (Public Expenditure)

(c) ब्याज दर (Interest Rate)

(d) सार्वजनिक ऋण (Public Debt)

67. जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था विकसित होती है, राष्ट्रीय आय में तृतीयक क्षेत्र (Tertiary Sector ) का अंश-

(a) पहले घटता है, तत्पश्चात् बढ़ता है।

(b) पहले बढ़ता है तत्पश्चात् घटता है।

(c) बढ़ता जाता है।

(d) स्थिर रहता है।

68. वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य साक्षरता के राष्ट्रीय औसत से नीचे है?
(a) महाराष्ट्र (b) गुजरात
(c) उड़ीसा (d) पश्चिम बंगाल

69. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना किस पंचवर्षीय योजना की अवधि में की गई थी?
(a) चौथी (b) पाँचवीं
(c) छठी (d) आठवीं

70. दूसरी पंचवर्षीय योजना की रूप-रेखा किसने तैयार की थी?
(a) बी. एन. गाडगिल
(b) बी. के. आर. वी. राव
(c) पी. सी. महालनोबिस
(d) सी. एन. वकील

71. आर्थिक नियोजन (Economic Planing) विषय है-
(a) संघ सूची (Union list) में
(b) राज्य सूची (State list) में
(c) समवर्ती सूची (Concurrent list) में
(d) किसी विशेष सूची में उल्लिखित नहीं है।

72. निम्नलिखित में से भारत की राष्ट्रीय आय का सबसे मुख्य स्रोत कौन-सा है?
(a) सेवा क्षेत्र (b) कृषि क्षेत्र
(c) उद्योग क्षेत्र (d) व्यापार क्षेत्र

73. 2001 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक कुल शहरी जनसंख्या वाला राज्य कौन-सा है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) महाराष्ट्र
(c) तमिलनाडु (d) केरल

74. भारत में राष्ट्रीय आय समकों का आकलन किसके द्वारा किया जाता है?
(a) योजना आयोग
(b) भारतीय रिज़र्व बैंक
(c) वित्त मंत्रालय
(d) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन

75. योजना आयोग की स्थापना कब हुई थी?
(a) 10 मार्च, 1950 (b) 15 मार्च, 1950
(c) 16 मार्च, 1950 (d) 20 मार्च, 1950

76. विद्युत उत्पन्न करने के लिये कौन-सी धातु का उपयोग होता है?
(a) यूरेनियम (b) लोहा
(c) तांबा (d) एल्यूमिनियम

77. गेहूँ की खेती के लिये कौन-सा उर्वरक अधिक मात्रा में उपयोग करेंगे ?
(a) नाइट्रोजन (b) पोटैशियम
(c) तांबा (d) लोहा

78. चूहा मारने का जहर किस रासायनिक पदार्थ से बनता है?
(a) इथाइल एल्कोहल (b) मिथाइल आईसोसायनेट
(c) पोटैशियम साइनाइड (d) इथाइल आईसोसायनाइड

79. पीतल में कौन-कौन सी धातुएँ हैं?
(a) तांबा और निकेल
(b) निकेल और जस्ता
(c) मैग्निशियम और जस्ता
(d) तांबा और जस्ता

80. 'एसपिरिन' कहाँ से मिलती है?
(a) पेट्रोलियम से
(b) पृथ्वी से
(c) एक पेड़ से
(d) एसिडों की रासायनिक अभिक्रिया से

81. 'मायोग्लोबिन' में कौन-सी धातु होती है?
(a) तांबा (b) चांदी
(c) सोना (d) लोहा

82. हाइड्रोजन को जलाने से क्या बनेगा ?
(a) ऑक्सीजन (Oxyzen)
(b) राख (Ash)
(c) मिट्टी (Sil)
(d) पानी (Water)

83. चुम्बकीय सुई किस तरफ संकेत करती है?
(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) आकाश

84. महासागर में ऊँची जल तरंगें संकेत करती है?
(a) भूकम्प (Earthquake) से
(b) सूर्य (Sun) से
(c) तारों (Stars) से
(d) चन्द्रमा (Moon) से

85. अम्ल वर्षा (Acid rain) होती है-
(a) कारखानों से (b) पेट्रोल से
(c) कोयला जलाने से (d) लकड़ी से

86. सोने को घोला जा सकता है-
(a) सल्फ्यूरिक अम्ल में
(b) नाइट्रिक एसिड में
(c) तीन भाग हाइड्रोक्लोरिक अम्ल तथा एक भाग नाइट्रिक एसिड के मिश्रण में
(d) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में

87. श्वेत प्रकाश को नली में कैसे पैदा करते हैं?
(a) तांबे के तार को गर्म करके
(b) तंतु (Fibre) को गर्म करके
(c) परमाणु को उत्तजित करके
(d) अणुओं को दोलित करके

88. कमरे को ठण्डा किया जा सकता है-
(a) पानी के बहने से
(b) संपीडित गैस को छोड़ने से
(c) रसोई गैस से
(d) ठोस को पिघलने से

89. प्रकाश में सात रंग होते हैं। रंगों को अलग करने का क्या तरीका है?
(a) एक प्रिज्म से रंगों का अलग-अलग किया जा सकता है।
(b) फिल्टर से रंगों को अलग-अलग किया जा सकता है।
(c) पौधों से रंगों को अलग-अलग किया जा सकता है।
(d) रंगों को अलग-अलग नहीं किया जा सकता है।

90. सूर्य ग्रहण तब होता है जब
(a) चन्द्रमा बीच में हो
(b) पृथ्वी बीच में हो
(c) सूर्य बीच में हो
(d) सूर्य, चन्द्रमा व पृथ्वी एक रेखा में हो तथा बृहस्पति उस रेखा में न हो।

91. लोलक की कालावधि (Time Period)-
(a) द्रव्यमान के ऊपर निर्भर करती है।
(b) लम्बाई के ऊपर निर्भर करती है।
(c) समय के ऊपर निर्भर करती है।
(d) तापक्रम के ऊपर निर्भर करती है।

92. तैरने के तालाब में तैरने से मनुष्य की त्वचा जल जाती है-
(a) अवरक्त किरण (Infrared ray) के कारण
(b) क्लोरिन के कारण
(c) ऊष्मा के कारण
(d) पराबैगनी (Ulltraviolet) किरणों के कारण

93. जब वैद्युतिक ऊर्जा गति में परिवर्तित होती है, तब-
(a) कोई ऊष्मा की हानि नहीं होती है।
(b) 50 प्रतिशत ऊष्मा की हानि होती है।
(c) 30 प्रतिशत ऊष्मा की हानि होती है।
(d) 80 प्रतिशत ऊष्मा की हानि होती है।

94. शक्कर का किण्वन (Fermentation) से क्या बनता है?
(a) इथाइल अल्कोहल
(b) मिथाइल अल्कोहल
(c) एसीटिक एसिड
(d) क्लोरोफिल

95. एक साइकिल सवार 15 किमी., 20 किमी. और 25 किमी. की दूरियाँ क्रमशः 15 किमी. प्रति घंटा, 25 किमी. प्रति घंटा और 15 किमी. प्रति घंटा की चालों से तय करता है, उसकी औसत चाल होगी-
(a) 30 किमी. प्रति घंटा
(b) 20 किमी. प्रति घंटा
(c) 17.3 किमी. प्रति घंटा
(d) 21.4 किमी. प्रति घंटा

96. प्रतिबन्धों $5x + y \le 100$, $x + y \le 60$, $x \ge 0$, $y \ge 0$ के अन्तर्गत $z = 50x + 15y$ का अधिकतम मान क्या होगा?
(a) 1500 (b) 1250
(c) 900 (d) 1000

97. स्वास्थ्य विभाग को ज्ञात है कि किसी बड़े समूह के 20% लोग एक विशेष रोग से पीड़ित हैं। इस बड़े समूह के 5 चुने गए लोगों में से 2 को विशेष रोग होने की प्रायिकता (Probability) क्या होगी?
(a) 0.2548 (b) 0.0512
(c) 0.2048 (d) 0.0204

98. k का मान, ताकि बिन्दु (1, 2, 3), (k, 0, 4) और (–2, 4, 2) एक ही रेखा में हों, होगा-
(a) 4 (b) 3
(c) 1 (d) 2

99. यदि $f(x) = \frac{1}{1-x}$ तो (f(f(x))) का मान होगा-
(a) $\frac{1}{(1-x)^2}$ (b) $x^2$
(c) $(1-x)$ (d) $x$

100. मान लें कि किसी विशेष वर्ष पर आधारित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 325 है। किसी कार्मिक का आधार वर्ष में 240 रु. वेतन हो, तो उसका चालू वर्ष में वेतन, यदि उसका रहन-सहन का स्तर समान रखना हो, होगा-
(a) 780 रु. (b) 1,000 रु.
(c) 1,560 रु. (d) 1,500 रु.

101. समतलों $2x - y + z = 6$ और $x + y + 2z = 7$ के अभिलम्बों के बीच के सूक्ष्म कोण (Acute angle) का मान होगा-
(a) $\frac{\pi}{2}$ (b) $\frac{\pi}{4}$
(c) $\frac{\pi}{3}$ (d) $\frac{\pi}{6}$

102. यदि $^nC_1 + {^nC_2} + .....+{^nC_n} = 255$ तो n का मान होगा–

(a) 6 (b) 8

(c) 4 (d) 10

103. किसी वस्तु का मांग फलन है $x = \frac{1}{3}(24-2p)$, जहाँ $x$ मांग की गई इकाईयों की संख्या P प्रति इकाई मूल्य व्यक्त करते हैं, जो आय को अधिकतम बनाए, होगा–

(a) 4 (b) 8

(c) 6 (d) 5

104. किसी कम्पनी के 10 रु. अंकित मूल्य के एक शेयर की बजारी कीमत 25 रु. है। कम्पनी ने 10% लाभांश घोषित किया। कम्पनी के 1500 शेयरों का लाभांश होगा–

(a) 3,750 रु. (b) 15,000 रु.

(c) 7,500 रु. (d) 1,500 रु.

105. अंग्रेजी शासनकाल में भारत का कौन-सा क्षेत्र अफीम उत्पादन (Poppy plant) हेतु प्रसिद्ध था?

(a) बिहार (b) दक्षिण भारत

(c) गुजरात (d) असम

106. वर्ष 1899 – 1900 के मुण्डा क्रांति का नेता कौन था?

(a) सिद्धू (b) बूढ़ा भगत

(c) बिरसा मुण्डा (d) शम्भूदान

107. 1855 ई. में संथालों ने किस अंग्रेज कमांडर को हराया?

(a) कैप्टन नेक फेविले

(b) लेफ्टिनेंट बास्टीन

(c) मेजर बारो

(d) कर्नल ह्वाइट

108. **सूची-I** (कृषि-जलवायविक क्षेत्रों) को **सूची-II** (बिहार के प्रतिशत क्षेत्रफल) से सहसंबंधित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

**सूची-I (कृषि जलवायविक क्षेत्र)**

1. उत्तर तथा उत्तर-पूर्वी बिहार का मैदान
2. दक्षिण बिहार का मैदान
3. छोटानागपुर का पठार
4. छोटानागपुर की पहाड़ियाँ

**सूची- II (बिहार का प्रतिशत क्षेत्रफल)**

1. 29.87% 2. 23.71%

3. 26.14% 4. 20.28%

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

109. बिहार के विविध भौगोलिक पक्षों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–

1. बिहार के घरेलू उत्पादन में कृषि का योगदान लगभग 67% है।
2. बिहार में रेशम उद्योग 1,50,000 से अधिक लोगों को स्वरोजगार (Self employment) प्रदान करता है।
3. बिहार में प्रतिवर्ष लगभग 47 लाख एकड़ भूमि सदैव जलाक्रांत (Waterlogged) बनी रहती है।
4. बिहार के 85 से 90% ग्रामीण परिवारों में प्रत्येक के पास 5 एकड़ से कम जमीन है।

नीचे दिये गए कूटों में से सही उत्तर चुनिये–

(a) 2 तथा 4

(b) 1 तथा 2

(c) 2 तथा 3

(d) 3 तथा 4

110. बिहार में सिंचाई के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है–

(a) बिहार के रोपित कुल (Sown area) क्षेत्रफल का लगभग 46% सिंचित है।

(b) बिहार के कुल सिंचित क्षेत्रफल का लगभग 30% नहरों तथा 39% नलकूपों द्वारा सिंचित है।

(c) नहरों द्वारा सिंचित सर्वाधिक क्षेत्रफल भोजपुर, औरंगाबाद, पश्चिमी चंपारण, रोहतास तथा मुंगेर जिलों में मिलता है।

(d) नलकूपों द्वारा सिंचित सर्वाधिक क्षेत्रफल समस्तीपुर, सीतामढ़ी, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज तथा खगड़िया जिलों में मिलता है?

111. बिहार की लगभग 55% जनसंख्या परम निर्धनता में रहती है, क्योंकि–

1. बिहार के पास प्राकृतिक संसाधनों, वर्तमान एवं संभाव्य दोनों का अभाव है।
2. भारत में बिहार की सकल प्रजनन (total fertility) दर तीव्रतम है।
3. बिहार की कृषि-जलवायिक (Agroclimatic) दशाएँ नितान्त प्रतिकूल है।
4. बिहार के पास गुणवत्तायुक्त ढाँचागत सुविधाओं तथा व्यापारानुकूल वातावरण का अभाव है।

नीचे दिये गए कूटों में से सही उत्तर चुनिये–

(a) 1 तथा 2

(b) 2 तथा 3

(c) 2 तथा 4

(d) 1, 3 तथा 4

Drishti IAS

112. वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से बिहार के जिलों का कौन-सा समूह जनसंख्या घनत्व का सही अवरोही क्रम दर्शाता है?
(a) दरभंगा, समस्तीपुर, सीवान, सारण
(b) सीवान, सारण, दरभंगा, समस्तीपुर
(c) सारण, दरभंगा, समस्तीपुर, सीवान
(d) दरभंगा, सारण, सीवान, समस्तीपुर

113. **सूची-I** (राष्ट्रीय राजमार्गों के लक्षणों) को **सूची-II** (राष्ट्रीय राजमार्गों की संख्या) से सहसंबंधित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

**सूची-I (राष्ट्रीय राजमार्गों के लक्षण)**
A. बिहार से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग
B. राष्ट्रीय राजमार्ग, जो बिहार से नहीं गुजरता
C. बिहार में सर्वाधिक लम्बाई वाला राष्ट्रीय राजमार्ग
D. प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग जो बिहार के लिये नहीं है।

**सूची- II (राष्ट्रीय राजमार्गों की संख्या)**
1. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या –12
2. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या – 87
3. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या –2
4. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या –31

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

114. निम्नलिखित में से कौन-से समूह की नदियाँ बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच की सीमा रेखा बनाती है?
(a) कमला, सोन और बागमती
(b) बूढ़ी गंडक, कोसी और गंगा
(c) कर्मनाशा, गंडक और घाघरा
(d) उत्तरी कोयल, अजय और पुनपुन

115. वर्ष 2002 के अनुसार बिहार में जन्म-दर (प्रति हजार) क्या है?
(a) 7.9 (b) 30.9
(c) 20.9 (d) 26.6

116. 1 जनवरी, 2003 को बिहार में कोयले के अनुमानित भण्डार थे (मिलियन टन में)-
(a) 260 (b) 360
(c) 160 (d) 210

117. बिहार की कुल श्रम-शक्ति में कृषि श्रमिकों का अनुपात है-
(a) 40.18 (b) 48.18
(c) 29.17 (d) 46.18

118. बिहार में 1857 ई. की क्रांति के नेता बाबू कुँवर सिंह का देहान्त कब हुआ?
(a) 10 अप्रैल, 1858 ई. (b) 17 जून, 1858 ई.
(c) 9 मई, 1858 ई. (d) 20 जून 1858 ई.

119. बिहार के उस क्रांतिकारी का नाम बताइए जिसने सितम्बर, 1928 में 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी' की बैठक मे भाग लिया था ?
(a) फणीन्द्रनाथ घोष (b) अजय घोष
(c) ज्योतिन्द्र नाथ (d) भगत सिंह

120. बिहार में किस स्थान पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 1922 ई. को अधिवेशन हुआ था?
(a) हरिपुरा (b) पटना
(c) गया (d) रामगढ़

121. अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय संसद के दोनों सदनों के प्रतिनिधिमण्डल जिसने जनवरी, 2003 में चीन का दौरा किया, में कुल सदस्य थे-
(a) 22 (b) 12
(c) 16
(d) इनमें से कोई नहीं

122. ग्रुप-7 धनी देशों की फ्राँस के Deauville में बैठक हुई-
(a) मार्च, 2003 में (b) अप्रैल, 2003 में
(c) मई, 2003 में (d) इनमें से कोई नहीं

123. चीन के सर्वोच्च नेता हैं-
(a) जियांग जेमीन (b) हू जिनताओं
(c) माओ जेदंग (d) इनमें से कोई नहीं

124. मलेशिया के प्रधानमंत्री ने भारत का दौरा किया-
(a) 19 – 23 दिसम्बर, 2004 में
(b) 18 – 22 नवम्बर, 2004 में
(c) 20 – 24 दिसम्बर, 2004 में
(d) 5 – 9 जनवरी, 2004 में

125. नेपाल नरेश ने आपातकालीन स्थिति की घोषणा की-
(a) 1 फरवरी, 2005 को (b) 1 जनवरी, 2005 को
(c) 1 दिसम्बर, 2004 को (d) इनमें से काई नहीं

126. फिलिस्तीनी नेता हैं-
(a) यासर अराफात
(b) महमूद अब्बास
(c) सरोन
(d) इनमें से कोई नहीं

Drishti IAS

127. Indo-Eu शिखर सम्मेलन जो नवम्बर, 2004 में हुआ, उनमें भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया?
(a) राष्ट्रपति (b) विदेश मंत्री
(c) प्रधानमंत्री (d) रक्षामंत्री

128. संयुक्त राष्ट संघ के महासचिव कौन हैं?
(a) कोफी अन्नान
(b) यू थांट
(c) कुर्त वाल्दहीम
(d) इनमें से कोई नहीं

129. 13 वीं गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) के देशों की बैठक कुआलालम्पुर में कब हुई?
(a) जनवरी, 2001 (b) जनवरी, 2002
(c) फरवरी, 2003 (d) इनमें से कोई नहीं

130. अक्टूबर, 2003 में आशियान (ASEAN) की दूसरी शिखर बैठक हुई, उसमें भारत का प्रतिनिधित्व किया–
(a) प्रधानमंत्री (b) राष्ट्रपति
(c) उपराष्ट्रपति (d) इनमें से कोई नहीं

131. अफगानिस्तान के राष्ट्रपति के लिये चुनाव हुए–
(a) 9 अक्टूबर, 2004 (b) 10 नवम्बर, 2004
(c) 8 सितम्बर, 2004 (d) इनमें से कोई नहीं

132. फरवरी, 2005 के चुनावों में किस राज्य का चुनाव आयोग के साथ मतगणना की तिथि को लेकर झगड़ा हुआ?
(a) बिहार (b) पंजाब
(c) झारखण्ड (d) इनमें से कोई नहीं

133. झारखण्ड के राज्यपाल हैं–
(a) सरदार बूटा सिंह
(b) सैय्यद सिब्ते रजी
(c) वेद मारवाह
(d) टी. वी. राजेश्वर

134. लोकसभा के वर्तमान अध्यक्ष हैं–
(a) शिवराज पाटिल
(b) सोमनाथ चटर्जी
(c) मनोहर जोशी
(d) इनमें से कोई नहीं

135. भारत के वित्त मंत्री हैं–
(a) जसवन्त सिंह (b) यशवन्त सिन्हा
(c) पी. चिदम्बरम (d) इनमें से कोई नहीं

136. निम्नलिखित में कौन–से राज्य में फरवरी, 2005 में चुनाव नहीं हुए?
(a) बिहार (b) हरियाणा
(c) झारखण्ड (d) पंजाब

137. फरवरी, 2005 के राज्य विधान मण्डल के चुनाव हुए–
(a) एक चरण में (b) चार चरणों में
(c) दो चरणों में (d) इनमें से कोई नहीं

138. बिहार में फरवरी, 2005 का अंतिम चरण का चुनाव हुआ–
(a) 93 सीटों के लिये (b) 83 सीटों के लिये
(c) 73 सीटों के लिये (d) इनमें से कोई नहीं

139. इस वर्ष (2005 ई.) के गणतंत्र दिवस समारोह में किस देश के शासक मुख्य अतिथि थे?
(a) चीन (b) भूटान
(c) नेपाल (d) श्रीलंका

140. भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त हैं–
(a) जे. एम. लिंगदोह (b) डॉ. एल. एस. गिल
(c) एस. एल. शकधर (d) इनमें से कोई नहीं

141. नौकरशाही (Bureaucracy) का कार्य है–
(a) सरकार की नीतियों को लागू करना
(b) प्रशासन चलाना
(c) मंत्रियों की सहायता करना
(d) उपर्युक्त सभी

142. शारदामणि कौन थी?
(a) राजा राममोहन राय की पत्नी
(b) रामकृष्ण परमहंस की पत्नी
(c) विवेकानन्द की माँ
(d) केशवचन्द्र सेन की पुत्री

143. अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में निम्नलिखित में से किस एक कारक का योगदान नहीं है?
(a) तकनीकी प्रगति
(b) आक्रामक राष्ट्रवाद (Aggressive) की भावना
(c) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का विकास
(d) उद्योगों का विकास

144. वैश्वीकरण (Globalization) की पीछे मुख्य विचार हैं–
(a) राष्ट्रों के बीच मित्रता प्राप्त करना।
(b) अन्तर्राष्ट्रीय विवादों का समाधान
(c) आपसी सामान्य दृष्टिकोण रखते हुए समस्त अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ कार्य करना।
(d) इनमें से कोई नहीं

145. संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद् में निम्नलिखित में से कौन–सा देश स्थायी सदस्य नहीं है?
(a) जापान (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) ब्रिटेन (d) फ्राँस

146. सबसे छोटा दिन कब होता है?
(a) 22 दिसम्बर (b) 22 सितम्बर
(c) 23 जून (d) 23 अप्रैल

Drishti IAS

147. नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) नेताओं की नम्बर, 2002 में बैठक हुई-
   (a) नई दिल्ली में   (b) प्राग में
   (c) पेरिस में   (d) इनमें से कोई नहीं

148. नानावती आयोग नियुक्त किया गया?
   (a) 1984 में   (b) 1994 में
   (c) 1999 में   (d) 2000 में

149. 'भारत के आर्थिक सुधार का जनक' किसे कहा जाता है?
   (a) जवाहरलाल नेहरू   (b) इन्दिरा गांधी
   (c) मनमोहन सिंह   (d) पी. वी. नरसिम्हा राव

150. न्यायमूर्ति यू. सी. बनर्जी आयोग का गठन किया गया-
   (a) 2002 के गोधरा घटना की जाँच के लिये
   (b) सिख दंगों की जाँच के लिये
   (c) चारा घोटालों की जाँच के लिये
   (d) इनमें से कोई नहीं

Drishti IAS